'भजनों में मन लगाने की जरूरत'

कोटा, (निसं)। शहर के झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रीकांत शर्मा महाराज द्वारा बुधवार को ध्रुव चरित्र व जड़ भरत कथा प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा आयोजक सीए पुरुषोत्तम-प्रभा खंडेलवाल ने बताया कि कथा में श्रीकांत शर्मा महाराज ने बताया कि जिन लोगों का भजनों में मन नहीं लगता है उनको सर्वप्रथम तन को लगाने की जरूरत है क्योंकि भजन में तन लग जाएगा तो मन भी स्वत: ही लग जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत सुख-दुख प्रदान करने की नहीं, आनंद प्राप्ति की कथा है। सुख भोगना है तो संसार में फंसे रहो और आनंद चाहिए तो भगवान की शरण में आओ। श्रीमद्भागवत जीवन का परिचय और आनंद प्रदान करती है। इसमें जितना डुबोगे उतनी आनंद की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि मनुष्य ज्ञान प्राप्त कर अंधकार की बेड़ियों से मुक्तहो सकता है लेकिन पशु ऐसा नहीं कर सकता। श्रीमद्भागवत के अनुसार सभी ईश्वर के अंश हैं, लेकिन कोई ईश्वर जैसा व्यवहार नहीं कर रहा। कोई भी मनुष्य जन्म से नहीं वरन संगत से बनता-बिगड़ता है। जीवन का आनंद भौतिक सुखों में नहीं बल्कि ईश्वर के साथ जुड़े रहने में है।

कोटा विकास प्राधिकरण ने दो नई आवासीय योजनाएं लांच की

कोटा, (निसं)। निम्न आय वर्ग को कोटा में रियायती दर पर भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण ने नए साल की शुरुआत यानी एक जनवरी को दो आवासीय योजनाएं लांच की। प्राधिकरण ने कुंद-कुंद आवासीय योजना, नांता एवं कोचिंग हब कुन्हाड़ी में रामनगर स्पेशल आवासीय योजना की पुस्तिका बुधवार को लॉन्च की। इन योजनाओं की लॉन्चिंग कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशों पर प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी द्वारा की गई। रामनगर स्पेशल आवासीय योजना में 131 भूखंडों की लॉटरी प्रस्तावित है।

यह योजना न्यू ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट चंबल रिवर फ्रंट के समीप है। इस योजना में सीवरेज लाईन, पार्क, पेयजल, निर्मित सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। रामनगर स्पेशल आवासीय योजना के आवेदन पत्र 1 जनवरी से बैंक ऑफ इंडिया की कोटा शहर में स्थित किसी भी शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस योजना में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।

कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा दो आवासीय योजना लाई गई है जिनकी पुस्तिका का विमोचन किया।

इसी प्रकार कुंद-कुंद आवासीय योजना में 302 आवासों की लॉटरी प्रस्तावित है। इस योजना में आवेदन पत्र 2 जनवरी से प्राप्त किया जा सकेंगे एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी तय की गई है। आवेदन पत्र सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कोटा शहर स्थित किसी भी शाखा से प्राप्त कर जमा कराये जा सकते हैं। कुंद-कुंद आवासीय योजना के अंतर्गत 302

■ **कुंद-कुंद योजना में 302 आवास, रामनगर स्पेशल में 131 भूखंड उपलब्ध**

एलआइजी श्रेणी के आवासों का निर्माण किया गया है। योजना में प्रत्येक आवास की कीमत 12 लाख 50 हजार रूपये निर्धारित की गई है। इस योजना से प्राधिकरण को करीब 30 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होने की संभावना है। रामनगर स्पेशल आवासीय योजना में 131 भूखंड उपलब्ध हैं। इनमें ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 122 भूखंड तथा एमआईजी-ए श्रेणी के लिए 9 भूखंड उपलब्ध है। इन भूखंडों का आवंटन रियायती दरों पर किया जाएगा। यह योजना नवीन प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट एवं मुख्य बूंदी रोड़ के समीप स्थित है तथा चंबल रिवर फ्रंट से इसकी दूरी 5 किलोमीटर है। लांचिग के अवसर पर विशेषाधिकारी भूमि आवाप्ति मालविका त्यागी, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर, निदेशक वित्त नीतू सिंह आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

मंत्री सिंधिया के जन्मदिन पर रक्तदान किया

कोटा, (निसं)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर माधव राव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा के तत्वाधान मेँ सदस्यों ने स्वैछिक रक्तदान किया यह जानकारी देते हुई सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सदस्यों ने कृष्ण ब्लड बैंक मेँ एकत्रित हुए व ज्योतिरादित्य सिंधिया की लम्बी आयु की कामना करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के अध्यक्ष डॉ.वेदप्रकाश गुप्ता तथा बैंक का स्टाफ सदस्य गजेंद्र ठाकुर, गौरव तिवारी, गिरधारी चौहान, अब्दुल हक, राजकुमार मीणा, भानु गुर्जर, अंकित मीणा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राजभाषा मार्गदर्शिका का विमोचन

कोटा, (निसं)। शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे के संरक्षण एवं मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी एवं कारगर अनुपालन किया जा रहा है। इस दिशा में नव वर्ष के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का विमोचन शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया। इस राजभाषा मार्गदर्शिका में राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, नियम, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर लागू विभिन्न राजभाषा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं सहित रेल कार्यालयों के विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी निरीक्षण चैक लिस्ट का भी प्रकाशन किया गया है। इस मार्गदर्शिका में रेल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कामकाज का विवरण भी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

नए साल की शुरुआत उम्मीद के साथ

कोटा, (निसं)। नववर्ष 2025 के प्रथम दिन बुधवार को जेसीआई कोटा उड़ान द्वारा उम्मीद प्रोजेक्ट के अंतर्गत सदस्यों ने गोदावरी धाम पर गौ सेवा के साथ गरीबों को भोजन एवं कम्बल वितरण किये। अध्यक्ष आयुष झवर ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नवीन जैन एवं अतुल जैन ने तैयार की। इस दौरान सचिव-अंशुल गट्टानी, कोषाध्यक्ष- देवेश गेरा, विभोर लोढ़ा, प्रियांक माहेश्वरी, शुभम चौधरी, पंकज जैन, गौरव गुप्ता, पंकज जैन (आदर्श), रोहित विजय, मनीष कोरवाल, पूनम झवर, रक्षा गुप्ता, अंजलि गट्टानी, चित्रांशी विजय, मोनिका कोरवाल व अन्य उपस्थित रहे।

कालरा ने कार्यभार किया ग्रहण

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल के नये डीआरएम अनिल कालरा ने 01 जनवरी को नव वर्ष के अवसर पर मंडल कार्यालय में पहुँचकर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया साथ ही मंडल के सभागृह में आयोजित समारोह में सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय द्वारा विगत 26 दिसम्बर को जारी आदेश के अनुसार मनीष तिवारी के स्थान पर अनिल कालरा की नव डीआरएम के रूप में पदस्थापना की गई। अनिल कालरा भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा 1995 बैच के रेल अधिकारी है। आपकी इससे पूर्व स्थापना भारतीय रेल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे महाराष्ट्र में वरिष्ठ प्राध्यापक ट्रैक के पद पर थी। आपको इंजीनियरिंग विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य का अनुभव है। कार्यभार ग्रहण के दौरान मंडल के सभी अधिकारियों, यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

गोवंश का पूजन कर लगाया छप्पनभोग

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य पर बुधवार को गौरांग धाम गौशाला कराई के बालाजी में गौमाता को पूजन कर 56 भोग लगाया गया। संस्था के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल व चेयरपर्सन रितु खण्डेलवाल ने बताया कि गोमाता को विभिन्न प्रकार की सब्जियां, व्यंजन, फल, गुड़, खल, दालें, नमकीन, बिस्किट, चारे का भोग लगाया गया। सचिव राजकुमार मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन सुनीता गोयल ने सभी सदस्यों को पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पॉलिथीन का उपयोग पूर्ण रूप से बंद करना है।

पॉलिथीन भूखी गौवंश के लिए अभिशाप बन रहा है। उन्होंने बताया कि हम लोग पॉलिथीन का उपयोग कर उसे सड़क पर फेंक देते हैं। गौमाता पॉलिथीन को अपना भोजन समझ कर खा लेती है। यह पॉलीथीन गौमाता की आंतो में जाकर फंस जाती है। जिससे गाएं तड़प-तड़प कर प्राण त्यागने को विवश हैं। इस कारण से हम ना चाहते हुए भी गौ माता की मौत का कारण बन रहे हैं। कोषाध्यक्ष आशीष गंगवाल ने बताया कि एक दिन पूर्व सदस्यों को यह सूचना दी गई कि गायों के लिए छप्पन भोग की प्रसादी का आयोजन होगा।

इस आयोजन में सभी गौभक्त अपने-अपने घर से गायों के लिए विशेष प्रकार के व्यंजन बनाकर साथ में लेकर आए तथा भोग लगाया गया। इस अवसर पर पूर्व चैयरपर्सन कल्पना चित्तौड़ा, रिचा रस्तोगी, ममता शर्मा, मोनिका जैन, श्वेता जैन, शानू खण्डेलवाल, दीपा बंसल, डिंपल जैन, डॉ. निशु अग्रवाल, लीना बजाज, मोनिका शर्मा, साधना शर्मा, नीलम सोनी, हेमलता अग्रवाल, मंजू मित्तल, शिखा गुप्ता, लक्ष्मी नागर, शिल्पी जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

नववर्ष पर कंबल बांटे

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा की ओर से नववर्ष के शुभारंभ पर बुधवार को सेवा दिवस मनाया गया। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास एवं सचिव घनश्याम मूंदडा ने बताया कि जेके लोन अस्पताल में जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय, प्रवक्ता संजय गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन, पीकू वार्ड की विभागाध्यक्ष डॉ.अमृता मयंगर, मेडिकल कॉलेज के डॉ.आरपी मीणा, लक्ष्मण सिंह खींची, नेहा गुप्ता, लोकेश प्रकाश मित्तल, सुरेंद्र गहलोत, अभिषेक मित्तल, नितिन अग्रवाल सहित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष मुकेश व्यास एवं सचिव घनश्याम मूंदडा ने बताया कि इस कड़ाके की सर्दी में निर्धनों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ नववर्ष से कोटा में भी मंगलवार को हो गया। कोटा परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा शहर में रोड सेफ्टी व यातायात नियमों की जागरूकता का महीनेभर सघन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मंगलवार को कई सामाजिक संस्थाओं व संघटनों के सहयोग से ऑटो रिक्शा रैली विभाग द्वारा ऑटो रिक्शा रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजीव त्यागी, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर पूरणमल मीणा, आरटीओ इंस्पेक्टर अवधेश कुमार डांगी, कोटा सड़क सुरक्षा समिति के उपसचिव भुवनेश गुप्ता, मोहनजोत शफाकत हुसैन गौरी, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अध्यक्ष ए.के.गुप्ता रजनी गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। शुभारंभ अवसर पर बोलते हुवे प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'परवाह' रखी गई है। आमजन को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से विभाग द्वारा हर दिन एक जागरूकता कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संगठन, ऑटोमोबाईल कंपनियों व संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किये जाएँगे जिसमें आमजन को यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति सतर्क, सजग व गंभीर रहना के प्रति जागरूक किया जाएगा । शर्मा का कहना था एक सर्वे के मुताबिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 60प्रतिशत युवा होते है जो हमारे देश के लिए चिंताजनक विषय है। उन्हें दुर्घटना के दौरान होने वाली कई लापरवाहियों से अवगत करवाकर उचित ड्राइविंग करने के प्रति समझाया जाएगा। रैली में चार महिला ड्राइवर भी सम्मिलित की गई थी । इंस्पेक्टर अवधेश डांगी ने बताया कि रैली घोड़े वाले बाबा चौराहे से प्रारंभ होकर गुमानपुरा नहर, छावनी फ्लाइओवर के नीचे से होती हुई मॉडर्न पेट्रोल पम्प के पास समाप्त हुई । समापन पर पहुंचे सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों, ट्रैफिक पुलिस , यातायात विभाग व सहयोगी संस्थाओं का आभार प्रकट किया गया व उनके अगले दिन की जानकारी देकर तैयार रहने हेतु प्रेरित किया।

■ **परवाह थीम पर आयोजित होगे महीनेभर जागरूकता गतिविधियां**

शिविर में 11 हजार से अधिक मरीज लाभान्वित

बून्दी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 11 हजार से ज्यादा मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। बून्दी जिले में 15 दिसंबर से अब तक 29 मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित हुए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ पी सामर ने बताया कि बून्दी जिले में आयोजित हुए 29 आयुष्मान आरोग्य शिविर में 14 हजार से अधिक आमजन उपस्थित रहे, जिसमें से 11 हजार से अधिक मरीजों ने उपचार के लिए पंजीकरण करवा कर लाभान्वित हुए हैं।

डॉ. सामर ने बताया कि इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण के साथ योग्य दम्पत्ति को परिवार कल्याण के साधन उपलब्ध करवाए गए। शिविर में मरीजों की मधुमेह, रक्तचाप जाँच सहित नाक-कान, गले, दांत एवं मुंह की जांच की गई। साथ ही मरीजों की ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, मरीजों की ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ कैटरेक्ट के मरीज चिन्हित किये गए हैं। शिविरों में मौजूद अन्य मरीजों को जांच एवं उपचार दिया गया हैं। डिप्टी सीएमएचओ डा कमलेश शर्मा ने बताया कि शिविर में चिकित्सक, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मी रहे। इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध रही, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच शामिल रही।

'विद्यार्थी अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखे'

कोटा, (निसं)। आप लोग हजारों किलोमीटर दूर से अपने सपनों को साकार करने के लिए कॅरियर सिटी कोटा में आए हैं। लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत करिए। सबसे ज्यादा जरूरी है अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना और आत्मविश्वास का मजबूत होना। यह कहना था जैन मुनि गणिवर्य डॉ. अजीतचंद्र सागर महाराज का। वे बुधवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के नया नोहरा स्थित सुपथ बिल्डिंग में आयोजित मोटिवेशनल सेशन में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण और जायसवाल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मनाए जा रहे स्व.सेठ प्रभुलाल-कल्याणी बाई जायसवाल स्मृति पखवाड़े में बुधवार को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान विभिन्न पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में कब बुलबुल ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आनंद उठाया। स्काउट गाईड प्रभारी प्रकाश जायसवाल ने बताया प्रतियोगिता के तहत बच्चों की तीन टांग दौड़, बाधा दौड़, मेंढक दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। वहीं छुपन-छुपाई, हाथी-घोड़ा पालकी, कौड़ा जमाल खाए आदि खेलों का भी आनंद उठाया। प्रकाश जायसवाल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं हमारे युवाओं को सोशल मीडिया के बंद दायरे से बाहर मैदान की ओर खींचकर लाती हैं। जहां वह अपना पसीना बहाता है और शरीर को बलिष्ठ बनाता है। मन को भी पुष्टि मिलती है। शारीरिक और मानसिक मजबूती से उसके भीतर आत्मविश्वास आता है। वह देश और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की कुंजी है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जीआरपी पुलिस ने दस साल पुराने लूट के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। जीआरपी थानाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि दस साल पुराने लूट के मामले वांछित चल रहे आरोपी की तलाश के लिये गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए हरिजन बस्ती चौपड़ा फार्म निवासी अजय (29) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम लोकेन्द्र था जिसे बदलकर मैंने लोकेन्द्र सिंह जादौन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, पता: निवासी- हाउस नं. 2-ए-12, संजय गांधी नगर पार्ट-बी, जिला-कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा, विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100858 **लोक सूचना** दिनांक: 31/12/2024

श्री GURBAJ SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDAR SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री GURDANISH SINGH BRAR पुत्र श्री LT. SH. AMRITPAL SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA, श्री HARNEK SINGH पुत्र श्री AJAYAB SINGH जाति SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA श्री SATPREET SINGH BRAR पुत्र श्री SUKHVINDAR SINGH जाति JAT SIKH निवासी GURUNANAK KRISHI FARM, BARAN ROAD, DEVLI ARAB, KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाज्यि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात: -

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	नया नोहरा, लाडपुरा (कोटा)	GURDANISH SINGH BRAR S/O LT. SH. AMRITPAL SINGH HI. 1/6 CASTE JAT SIKH 2. GURBAJ SINGH BRAR S/O SUKHVINDAR SINGH HI. 1/6 CASTE- JAT SIKH 3. SATPREET SINGH BRAR S/O SUKHVINDAR SINGH HI. 1/6 CASTE JAT SIKH, 4. HARNEK SINGH S/O AJAYAB SINGH HI. 1/2	3	3500	0.35
कुल					0.35

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वो क्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेजको अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31-12- 2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

क्रमांक: भू.अ./2025/41 **नोटिस** दिनांक - 1.1.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जर्ये प्रार्थना पत्र रघुराज सिंह पि. जसवीर सिंह राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान वगैरह ग्राम गुढ़ानाथावतान की आराजी ख.नं. 1322, 1324, 1325, 1326, 1327, 1446, 1484, 1485, 1494 कुल किता-9 रकबा 15.5570 हैक्ट. में से अरिदान सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह जाति राजपूत नि. गुढ़ानाथा. द्वारा अपने हिस्से की भूमि जर्ये वसीयतनामा प्रार्थीगण रघुराज सिंह, करन सिंह, बलवन्त सिंह, पृथ्वीराज सिंह, विजेन्द्र सिंह पि. जसवीर सिंह जाति राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान तह. व जिला बून्दी के पक्ष में निष्पादित किया गया है।

यदि उक्त आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10.01.2025 तक तहसील कार्यालय समय में पेश होकर अपनी आपत्ति/साक्ष्य पेश करें अन्यथा वसीयतनामा को सही मानकर निर्णय कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

क्रमांक: भू.अ./2025/37 **नोटिस** दिनांक - 1.1.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जर्ये प्रार्थना पत्र रघुराज सिंह पि. जसवीर सिंह राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान वगैरह ग्राम गुढ़ानाथावतान की आराजी ख.नं. 1322, 1324, 1325, 1326, 1327, 1446, 1483, 1484, 1485, 1494 कुल किता-10 रकबा 18.8637 हैक्ट. में से मदन पुत्र लक्ष्मण जाति जाट नि. गुढ़ानाथावतान द्वारा अपने हिस्से की भूमि जर्ये वसीयतनामा प्रार्थीगण रघुराज सिंह, करन सिंह, बलवन्त सिंह, पृथ्वीराज सिंह, विजेन्द्र सिंह पि. जसवीर सिंह जाति राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान तह. व जिला बून्दी के पक्ष में निष्पादित किया गया है।

यदि उक्त आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10.01.2025 तक तहसील कार्यालय समय में पेश होकर अपनी आपत्ति/साक्ष्य पेश करें अन्यथा वसीयतनामा को सही मानकर निर्णय कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

क्रमांक: भू.अ./2025/32 **नोटिस** दिनांक - 1.1.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जर्ये प्रार्थना पत्र रघुराज सिंह पि. जसवीर सिंह राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान वगैरह ग्राम गुढ़ानाथावतान की आराजी ख.नं. 1322, 1324, 1325, 1326, 1327, 1446, 1483, 1484, 1485, 1494 कुल किता-10 रकबा 18.8637 हैक्ट. में से वसीयतकर्ता बद्री पुत्र गोरखराम जाति राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान द्वारा अपने हिस्से की भूमि जर्ये वसीयतनामा प्रार्थीगण रघुराज सिंह, करन सिंह, बलवन्त सिंह, पृथ्वीराज सिंह, विजेन्द्र सिंह पि. जसवीर सिंह जाति राजपूत नि. गुढ़ानाथावतान तह. व जिला बून्दी के पक्ष में निष्पादित किया गया है।

यदि उक्त आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10.01.2025 तक तहसील कार्यालय समय में पेश होकर अपनी आपत्ति/साक्ष्य पेश करें अन्यथा वसीयतनामा को सही मानकर निर्णय कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.) बून्दी

राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों सौंपा ज्ञापन

बूंदी। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर जिले के राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने संगठन के मुख्य संरक्षक तेज कुमार के नेतृत्व में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल नहीं करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा।

मुख्य संरक्षक तेज कुमार ने ज्ञापन में बताया कि मंत्रालयिक निदेशालय के गठन की कार्यवाही राज्य सरकार स्तर पर प्रक्रियाधीन है। यह व्यवस्था राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों के हित में नहीं है और इसके गठन से राजस्व मण्डल एवं इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यालय यथा संभागीय आयुक्त कार्यालय, जिला कलक्टर कार्यालय, राजस्व अपील अधिकारी कार्यालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं भू-प्रबंध अधिकारी कार्यालय इत्यादि का कार्य प्रभावित होगा।

उन्होंने बताया कि राजस्व मण्डल राजस्थान एवं उनके अधीनस्थ / प्रशासनिक कार्यालयों को निदेशालय के अधीन लाये जाने से भारी विसंगति उत्पन्न होगी तथा उक्त न्यायालयों का न्यायिक कार्य पूर्णत: बाधित हो जायेगा एवं राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत गठित राजस्व मण्डल राजस्थान का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। इसलिए राजस्व मण्डल एवं इसके अधीन प्रशासनिक कार्यालयों यथा संभागीय आयुक्त कार्यालय, जिला कलेक्टर एवं उपनिवेशन विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों को पृथक से निदेशालय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार द्वारा अधीनस्थ विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारियों हेतु मंत्रालयिक निदेशालय का गठन किया जाता है तो राजस्व मण्डल एवं इसके अधीन प्रशासनिक कार्यालयों यथा संभागीय आयुक्त कार्यालय, जिला कलेक्टर एवं उपनिवेशन विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल नहीं किया जावें। यदि फिर भी राजस्व मण्डल एवं इसके अधीन प्रशासनिक कार्यालयों यथा संभागीय आयुक्त कार्यालय, जिला कलेक्टर एवं उपनिवेशन विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल किया जाता है तो समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जावेगा एवं संघ द्वारा मजबूरन आन्दोलनात्मक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन देने वालो में राकेश कुमार शर्मा कमलेश कुमार जैन चंदन पंचोली, श्याम सुंदर गोस्वामी, मुख्य सलाहकार एवं जिला प्रवक्ता शिवराज गोचर, अमित शर्मा विकास चौधरी, नरेन्द्र सिंह, अमित जोशी, मिश्रीलाल सैनी, आवेद अख्तर, अरविंद गौतम, सतीश शर्मा, महेश चौहान, पुरूषोतम वर्मा, आदि शामिल रहे।

कोटा में बच्चों को भेजें, यहां अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा मिलेगी : बिरला

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नए साल के अवसर पर अपने संकल्प और संसदीय क्षेत्र के विकास से संबंधित जानकारियां मीडिया से साझा की हैं। इस दौरान उन्होंने कोटा कोचिंग को लेकर कहा कि कोटा में अच्छा वातावरण है। कोटा में पढ़ने वाले बेटा-बेटी देश और दुनिया में नेतृत्व कर रहे हैं। कोचिंग और एजुकेशन की संभावना पर काम चल रहा है। कुछ दिनों में और बेहतर परिणाम होंगे। बिरला ने कहा कि कुछ गलतफहमी की वजह से कोटा का वातावरण खराब हुआ।

उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कोटा में कोचिंग करने आने वाले हर हर बच्चे को यहां के परिवार अपने बेटे-बेटी की तरह परवरिश करते हैं। इसीलिए देशवासियों का आह्वान है कि वह कोटा में बच्चों को भेजें। कोटा में अच्छे संस्कार मिलेंगे और अच्छी शिक्षा मिलेगी। कोटा का प्रशिक्षण ही दुनिया में नेतृत्व करने वाला बनाता है। मेरा ही नहीं पूरे देश की जनता का मानना है कि कोटा एक सुरक्षित शहर है। कोटा में आध्यात्मिक माहौल है व शैक्षणिक वातावरण भी अच्छा है। विद्यार्थी यहां पर आएं और भविष्य की आकांक्षाओं को पूरा करें। बिरला ने कोटा एयरपोर्ट के बारे में कहा कि पहली बार किसी प्रोजेक्ट की 95 फीसदी भूमि फॉरेस्ट होने के बावजूद कन्वर्ट की गई है। राज्य सरकारों की जिम्मेदारी रहती है कि

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से वार्ता की।

जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी को दें। सरकार बनते ही बाधाओं को दूर करवाया है। डीपीआर का काम पूरा होने वाला है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की अनुमति मिल गई है। आर्थिक कमेटी और मंत्रिमंडल से जल्द ही मिल जाएगी। इसके बाद पर्यावरण स्टडी शुरू होगी और टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। बिरला ने उम्मीद जताई है कि मई 2025 में काम शुरू हो जाएगा। किसी भी एयरपोर्ट को बनने में दो से ढाई साल का समय लगता है इतना कोटा एयरपोर्ट में भी लगेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशनों के अपग्रेडेशन का काम धीरे चल रहा है इनमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। नई ट्रेनें चलाने के लिए रूट तलाशने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का काम भी तेज गति से चल रहा है। यह आर्थिक और इंडस्ट्रियल प्रगति भी हाड़ौती में लेकर आएगा। वर्तमान में दरा व अन्य जगह ट्रैफिक की समस्या है इससे निजात दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री लाने के लिए भी काम किया जा रहा है। कोटा में पर्याप्त पानी है। इसलिए इससे संबंधित प्लान चल रहा है। तालेड़ा में भी नया प्लांट आ रहा है। इसके अलावा कोटा में 1300 बीघा में इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जा रहा है। इसमें कोटा स्टोन, सेंड स्टोन और एग्रो बेस्ड यूनिट्स लगाई जानी हैं। बिरला ने कहा कि बड़े होटल ग्रुप के जरिए कोटा में इंस्टिट्यूट खोला जा रहा है। जिसके जरिए होटल मैनेजमेंट और वहां होने वाली एक्टिविटी से संबंधित कोर्स करवाए जाएंगे। यहां से प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थी को नौकरी भी मिल जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रूस, साउथ कोरिया सहित कई देश हैं जहां पर मैनपावर की आवश्यकता है। ऐसे में वहां की लैंग्वेज सीखाने का काम भी किया जाएगा। आजकल अधिकांश प्लांट ऑटोमेटिक है जिनमें मैनपावर की कम ही उपयोगिता रहती है। इसीलिए ऐसे प्लांट के लिए बात की जा रही है। जहां पर ज्यादा लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि बारां, बूंदी, झालावाड़ और कोटा में पर्यटक बढ़े इसके प्रयास उन्होंने किए हैं। यहां पर अच्छे अभ्यारण भी विकसित हो जाएंगे। मुकुंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व की बात करते हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में ज्यादा पोटेंशियल है। महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश से क्लीयरेंस आ जाने के बाद पांच टाईगरों को शिफ्ट किया जाएगा। रिवरफ्रंट का भी प्रमोशन किया गया है। हाड़ौती में पर्यटन के लिए दुनिया के बड़े स्टेकहोल्डर और ट्रेवल्स को बुलाकर चर्चा की जाएगी।

■ **कोटा में 1300 बीघा में इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जा रहा है : बिरला**